शकुन्तला गौतम, मा0 राज्य सूचना आयुक्त, सुनवाई कक्ष एस–9

अपील संख्या एस 09/ए/0731/2025

श्री महिमा मौर्य बनाम ज0सू0अ0 कार्यालय पुलिस अधीक्षक, जनपद मीरजापुर.

आदेश

कम्प्लेन्ट व अपील ट्रैकिंग सिस्टम(CATS) के माध्यम से यह अपील पंजीकृत हुई। आज पत्रावली पेश हुई। पुकार करायी गयी। अपीलार्थी अनुपस्थित है। विपक्षी जनसूचना अधिकारी की ओर से श्री राघवेन्द्र कुमार राय, उ0नि0 थाना–विन्ध्याचल, मीरजापुर उपस्थित हुए।

उपस्थित विपक्षी द्वारा श्री नितेश सिंह, जनसूचना अधिकारी/अपर पुलिस अधीक्षक नगर, जनपद मीरजापुर का आयोग को संबोधित पत्रांक–ज0सू0ऑनलाइन–142/2025 दिनांक 19.06.2025 के माध्यम से अभिकथन प्रस्तुत किया गया तथा अपीलार्थी को दिनांक 19.06.2025 को पंजीकृत डाक के माध्यम से सूचना प्रेषित की गयी। जिसकी प्रति आज आयोग के समक्ष प्रस्तुत की गयी।

उपरोक्त स्थिति में अपीलार्थी को प्राप्त करायी गयी सूचना पर आपत्ति का अवसर दिया जाता है तथा अपीलार्थी को इस आशय की नोटिस प्रेषित की जाए प्राप्त सूचना पर यदि उन्हें कोई आपत्ति हो तो अपनी स्पष्ट बिन्दुवार आपत्ति एक सप्ताह में विपक्षी जनसूचना अधिकारी कार्यालय में उपलब्ध करायें, जिसकी प्रति नियत सुनवाई तिथि पर प्रस्तुत करें।

तत्क्रम में उपस्थित विपक्षी पक्ष को भी निर्देशित किया जाता है कि यदि अपीलार्थी की कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो वह सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 व उ0प्र0 सूचना का अधिकार नियमावली, 2015 के नियमों व प्रावधानों के अनुसार उसकी आपत्ति का निस्तारण करते हुए आपत्ति निस्तारण आख्या नियत तिथि से पूर्व अपीलार्थी को उपलब्ध करायी जाये तथा आपत्ति निस्तारण आख्या व प्रेषण साक्ष्य के साथ लिखित अभिकथन नियत सुनवाई तिथि पर आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया जाए।

पत्रावली वास्ते सुनवाई दिनांक 04.08.2025 को पेश हों।

20.06.2025